C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:35 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:18 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 114 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

कैटरीना कैफ को ससुराल वालों ने ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दिल्ली के किशनगढ़ में फ्लैट में लगी भीषण आग

**नैनीताल।** किशनगढ़ के नंद लाल भवन में दो कमरों वाले फ्लैट में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर दो दमकल गाड़ियां और तीन पीसीआर वैन पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। देश की राजधानी दिल्ली में एक फ्लैट में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। किशनगढ़ इलाके में लगी भीषण आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग झुलसे हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, किशनगढ़ के नंद लाल भवन में दो कमरों वाले फ्लैट में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर दो दमकल गाड़ियां और तीन पीसीआर वैन पहुंची। आग पर काबू पाया गया।

### 14.60 लाख के पार पहुंची दर्शनार्थियों की संख्या

**नैनीताल।** केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने में अब सिर्फ 12 दिन रह गए हैं। धाम में प्रतिदिन औसतन 10 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे केदारघाटी के बाजारों के साथ ही पैदल मार्ग और धाम में रौनक बनी है। केदारनाथ में इस माह के 22 दिनों में दो लाख 19 हजार 263 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मई, जून के बाद यह तीसरा मौका है, जब एक माह में इतने अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। अब धाम में दर्शनार्थियों की संख्या 14 लाख 60 हजार के पार हो गई है। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने में अब सिर्फ 12 दिन रह गए हैं। धाम में प्रतिदिन औसतन 10 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे केदारघाटी के बाजारों के साथ ही पैदल मार्ग और धाम में रौनक बनी है। साथ ही केदारनाथ में तड़के से देर रात्रि तक बाबा केदार के जयकारे गूंज रहे हैं।

श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र गौड़ ने कहा, यात्रियों की संख्या को देखते हुए कपाट बंद होने तक धाम में दर्शनार्थियों का आंकड़ा 16 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है।

## 12 जनवरी तक तैयार होगी युवा नीति, मंत्री रेखा आर्या ने दिए निर्देश

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मंत्री ने नियोजन विभाग और युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि नीति के मौजूदा ड्राफ्ट से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता है। हमारा ध्येय है कि प्रदेश के हर युवा की भावना इस नीति में हो। उत्तराखंड के युवाओं को सक्षम बनाने के लिए 12 जनवरी तक युवा नीति तैयार की जाएगी। इस संबंध में युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को विधानसभा स्थित कक्ष में विभागीय बैठक में राष्ट्रीय युवा



दिवस पर युवा नीति लाने के संकल्प को दोहराया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने नियोजन विभाग और

> *युवा नीति बनाने में हर वर्ग और हर क्षेत्र के युवक-युवतियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। यह नीति युवाओं के सपने को साकार करेगी। सरकार न सिर्फ नीति बना रही है, बल्कि उसे प्रभावी रखने के लिए युवा आयोग का गठन भी करने वाली है।*
> *- रेखा आर्या, युवा कल्याण मंत्री*

युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि नीति के मौजूदा ड्राफ्ट से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता है। हमारा ध्येय है कि प्रदेश के हर युवा की भावना इस नीति में हो। हर क्षेत्र और वर्ग का प्रतिनिधित्व हो, खासकर सीमांत क्षेत्रों, आपदा प्रभावित क्षेत्रों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के युवक-युवतियों से भी चर्चा की जाए, ताकि उनकी चुनौतियों को भी समझा जा सके। बैठक में विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, अपर सचिव नियोजन विजय कुमार जोगदंडे, अपर निदेशक आरसी डिमरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

हत्या करने से पहले शूटर ने लॉरेंस बिश्नोई के भाई से की थी बात

## दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को लेकर बड़ा खुलासा

**मुंबई**
एजेंसी

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को मारने आए आरोपियों गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप ने छह राउंड फायर किया था। अस्पताल ले जाते वक्त बाबा सिद्दीकी की मौत हो गई थी।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और अजित पवार वाली एनसीपी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर को देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब इस मामले की गुत्थी सुलझाने की कोशिश हो रही है। ऐसे में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। आरोपियों को लेकर एक और नया दावा किया जा रहा। मुंबई क्राइम ब्रांच का कहना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या करने से पहले शूटर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे। इतना ही नहीं इन तीन आरोपियों ने अनमोल से स्नैपचेट के जरिए बात की थी। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने खुलासा किया था कि बाबा सिद्दीकी को मारने की





प्लानिंग पुणे में तीन महीने पहले से ही शुरू हो गई थी। हत्यारों ने यूट्यूब से गोली चलाना सीखा था। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सिद्दीकी मर्डर केस में 10 लोगों को पकड़ चुकी है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को मारने आए आरोपियों गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप ने छह राउंड फायर किया था। अस्पताल ले जाते वक्त बाबा सिद्दीकी की मौत हो गई थी। फायरिंग के कुछ घंटों बाद ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं, हत्याकांड में तीसरा संदिग्ध शूटर शिवा गौतम अभी भी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। इसके अलावा, हरीश कुमार निषाद को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसने आरोपियों के लिए पैसे और हथियार मुहैया कराए थे। वहीं साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को भी पकड़ा जा चुका है। प्रवीण शुभम का भाई है, जो लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा है।

## पूर्णिया में बड़ा रेल हादसा टला, यात्रियों की जान बची

**बिहार**
एजेंसी

पायलट की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से बच गया। स्थानीय रानीपतरा स्टेशन के एडमिनिस्ट्रेशन और जीआरपी बल सहित अन्य रेलवे के अधिकारी आने के बाद रॉड (सरिया) को निकाला गया।

पूर्णिया जिले के रानीपतरा रेलवे स्टेशन के समीप एक बड़ा रेल हादसा टल गया। मंगलवार देर रात्रि को कटिहार से जोगबनी जा रही डीएमयू ट्रेन के चक्के में सरिया (रड) उलझ गया, लेकिन पायलट की सूझबूझ से ट्रेन रोक दी गई। इस घटना में कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित हैं। बताया जाता है कटिहार से जोगबनी जाने वाली डीएमयू ट्रेन (07561) के चक्के में सरिया (रड) उलझ गया था। आपातकाल ब्रेक का प्रयोग कर ट्रेन को खड़ा कर दिया गया। पायलट की सूझ बूझ से बड़ी घटना होने से बच गया। स्थानीय रानीपतरा स्टेशन के एडमिनिस्ट्रेशन और जीआरपी बल सहित अन्य रेलवे के अधिकारी आने के बाद रॉड (सरिया) को निकाला गया। हालांकि कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। सीसीटीवी कैमरे में पूरी हरकत कैद हो गई है। पूरा रानीपतरा रैंकपॉइंट पर कैमरा लगा हुआ है। रेलवे विभाग के अधिकारी ने बताया कि कटिहार से जोगबनी जा रही डीएमयू ट्रेन (07561) के चक्के में सरिया (रड) उलझ गया, लेकिन पायलट की सूझबूझ से ट्रेन रोक दी गई। इस घटना में कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित हैं। रेलवे ट्रैक पर सरिया (रड) देने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई कर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों ने कहा हमें लगा कि ट्रेन खराब हो गई है, लेकिन पायलट ने बहुत ही शांति से ट्रेन रोक दी। पायलट की बहादुरी की जितनी तारीफ की जाए, कम है। पायलट की सूझबूझ की प्रशंसा की और कहा कि उनकी तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए आश्वस्त किया गया है।

**घटना**

- चक्के में सरिया उलझा, पायलट ने बहुत ही शांति से ट्रेन रोक दी

## खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने किया गदरपुर, में प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण,कई दुकानों से सैंपल लिए

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

दीपावली को मद्देनजर रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग, ऊधम सिंह नगर की टीम द्वारा गदरपुर, में प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। टीम में शामिल अधिकारियों ने संदेह के आधार पर 1 बालूसाई,1 लड्डू,1 किसान टूमैटो कैचअप,1 जीरा 1 साबूत मूग,1 अजवाइन के कुल 6 नमूने जांच हेतु लिये गये। टीम ने खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियमों में दिये मानकों के अनुरूप ही घी, मक्खन व अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिये। टीम ने खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया कि खाद्य पदार्थों के बिलों पर बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत/ लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें। टीम में जिला अभिहित अधिकारी, डॉ प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आशा आर्या शामिल थे।

## मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम में कर्मचारियों की मांगों को लेकर बने परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने का तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार जारी है।इसके बाद कर्मचारी पांच नवंबर से राज्य व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

संविदा-विशेष श्रेणी चालक-परिचालक व अन्य कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं अन्य मुद्दों को लेकर कर्मचारियों ने बांहें चढ़ाई हुई है। बुधवार को मोर्चे से जुड़े समस्त कर्मचारी काठगोदाम स्थित वर्कशाप में एकत्रित हुए और प्रबंधन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि विगत दिनों परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक आइएसबीटी देहरादून में हुई थी जिसके बाद कर्मचारियों ने सरकार और निगम प्रबंधन के विरुद्ध चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू करने और पांच नवंबर से बेमियादी हड़ताल पर जाने का निर्णय



लिया था। कर्मचारियों का कहना है कि इसके बाद भी अगर सरकार व निगम प्रबंधन ने कर्मचारियों की मांग नहीं मानी तो दीपावली के बाद पांच नवंबर से संपूर्ण कार्य-बहिष्कार कर बसों का संचालन ठप कर दिया जाएगा।

कर्मचारियों का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में विशेष श्रेणी व संविदा कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण की मांग उठाई जा रही है। संयुक्त मोर्चा में उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन और परिवहन निगम एससी-एसटी श्रमिक संघ शामिल हैं। संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के परमिट देने का विरोध किया है। आरोप है कि सरकार परिवहन निगम का अस्तित्व समाप्त करना चाहती है।

## सड़कों में गड्ढा भरान का काम जोरों पर

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश के बाद प्रशासनिक अमला सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की कवायद में जुट गया है। वहीं नरीमन तिराहा काठगोदाम से लेकर गौलापुल तक सड़क चौड़ीकरण की कवायद भी जल्द शुरू की जाएगी। यहां पर सड़क को 15 से 20 फिट तक चौड़ा किया जाना है। बता दें कि सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने दीपावली से पहले प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के आदेश दिए हैं ताकि आवागमन में किसी तरह की परेशानी लोगों को न हो। सीएम के आदेश के बाद प्रशासन और लोक निर्माण विभाग इस कवायद में जुट गया है। वहीं काठगोदाम में नरीमन तिराहे से लेकर गौलापुल तक सड़क चौड़ीकरण का जल्द शुरू किया जाएगा। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए इस स्थान पर भी सड़क को चौड़ा किया जाना है।

# गुस्साये छात्र नेताओं को मनाने को वार्ता विफल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी न होने पर गुस्साये छात्र नेताओं को मनाने में मंगलवार को कुमाऊं विवि का डीएसबी परिसर नाकाम रहा।

बता दें कि छात्र नेताओं ने पूर्व में परिसर निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा को सूचित किया था कि वह परिसर में मंगलवार से पठन पाठन पूर्ण रूप से बाधित कर दिया जायेगा, जिसे देखते हुए परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने मंगलवार को छात्र नेताओं के साथ बैठक की जिसमें प्रो.शर्मा ने छात्र नेताओं को शांति से छात्र संघ चुनाव के लिए हल निकालने की बात कही तो वही संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने सोमवार को छात्र नेताओं को मंगलवार को डीएसबी परिसर में बैठक का आश्वसन दिया था जिसके बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट परिसर में बैठक में नहीं पहुंची जिससे छात्र नेताओं ने आक्रोश जताया।



छात्र नेताओं का कहना था कि पूर्व में जब वे भूख हड़ताल पर बैठे थे तो कुमाऊं विवि प्रशासन ने 25 अक्टूबर को चुनाव का झूठा आश्वसन देकर उन्हें विश्वविद्यालय से उठाया गया था जिसके बाद सोमवार को छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय का घेराव करने की सूचना विश्वविद्यालय को दी तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके विश्वविद्यालय पहुँचने से पहले ही पूरे विश्वविद्यालय मे तालाबंदी कर दी जिसके कारण छात्र नेताओं को ताला तोडकर विश्वविद्यालय के अंदर प्रवेश करना पड़ा जिसमें छात्र नेताओं ने देर रात तक कुलसचिव मंगल सिंह मंदराल का विश्वविद्यालय में घेराव किया जिसके चलते मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने छात्र नेताओं को उनके साथ बैठक का आश्वसन दिया लेकिन वह बैठक में नहीं आई जिससे छात्र नेताओं में रोष है साथ ही इस बैठक में कुलपति प्रो. डीएस रावत व कुलसचिव मंगल सिंह मंदराल की मौजूदगी का भी झूठा आश्वसन दिया गया। बैठक में ना कुलपति पहुँचे और ना कुलसचिव।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस) सूरज पांडे ने कहा कि हाई कोर्ट में पीआईएल गढ़वाल से डलवाई गयी है, छात्रसंघ चुनाव ना होना छात्रों के राजनैतिक भविष्य के साथ खिलवाड कर उन्हे अंधकार में धकेलना है। छात्रों को डरने के लिए विश्वविद्यालय पुलिस प्रशासन, संयुक्त मजिस्ट्रेट को बुला रहा है लेकिन खुद चुनाव ना करा पाने की कमी को छुपा रहा है। कहा कि यदि छात्रों को अपनी बात रखने देहरादून जाना पड़े तो नैनीताल में विश्वविद्यालय होना ही नहीं चाहिए। ऐसे कुलपति व कुलसचिव को त्यागपत्र देना चाहिए और समर्थ पोर्टल को भाजपा पोर्टल घोषित कर देना चाहिए। अगर ऐसा ही चलता रहा तो छात्र राजनीति गुंडागर्दी बन जायेगी और परिसर मे कभी छात्रसंघ चुनाव ही नहीं होगा। इस प्रकार मंगलवार को परिसर में हुई वार्ता विफ ल रही। इस दौरान मुख्य कुलानुशासक प्रो. एच सी एस बिष्ट समेत प्रो. ललित तिवारी, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमन महेंद्र, छात्र नेता विशाल बिष्ट, आशीष कबाड़वाल, कारन सती, तनिष्क मेहरा, सौरभ कुमार, अभिषेक कुमार, कमलेश चंद्रा, श्रेयस शुक्ला तथा प्रशांत मेहरा आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से चल रही वार्ता

डीएसबी परिसर के निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा ने कहा है कि वर्तमान में कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत देहरादून में शासन व उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से वार्ता के लिए गए हैं। वह छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी करने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं।

## बिग हैड व कॉमन कार्प प्रजाति की मछलियों को निकालने का फिर अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जीवनदायिनी नैनीझील के परिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ रही बिग हैड व कॉमन कार्प प्रजाति की मछलियों को निकालने का दोबारा अभियान शुरू कर दिया है। पंतनगर से पहुंची टीम ने दो दिनों से मछली झील से निकालने का कार्य शुरू कर दिया है। आगामी दस दिनों तक टीम का अभियान जारी रहेगा। बता दें कि नैनीझील को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कई प्रजातियों की मछलियां झील में डाली गई हैं लेकिन झील में बिग हैड व कॉमन पार्क प्रजाति की मछलियों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है जिससे झील का आंतरिक संतुलन बिगड़ जाता है। पूर्व में पंतनगर विवि के मत्स्य विभाग की ओर से झील का सर्वे करने पर अनुपयोगी प्रजाति की मछलियां 60 प्रतिशत से अधिक होने की बात सामने आई। जिसके बाद झील से अनुपयोगी प्रजाति को निकाल उसमें नयी प्रजातियों को छोड़ने का अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम



में एक बार और मत्स्य विभाग की ओर से एक बार फि र कॉमन कार्प व बिग हैड मछलियों को निकालने का कार्य शुरू किया गया है। डॉ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि इस नैनीझील से कॉमन कार्प व बिग हैड मछलियां निकालने का कार्य किया जा रहा है। जो लगभग 12 दिनों तक चलाया जाएगा।

## बच्चों ने बनाई आन द स्पाट चिल्ड्रन प्रतियोगिता में पेंटिंग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शारदा संघ की ओर से बीते रविवार को नैनीताल में आयोजित की गयी 54वीं आन द स्पाट चिल्ड्रन प्रतियोगिता के दौरान स्कूली बच्चों की ओर से बनायी गयी आकर्षक पेटिंग की मंगलवार को शारदा संघ के सभागार में प्रदर्शनी लगा दी है।



बता दें प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार की शाम को बतौर मुख्य अतिथि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनय साह समेत विशिष्ट अतिथियों क्रमश- समाजसेवी डी.डी.साह,ओम प्रकाश साह जगाती तथा शारदा संघ के वरिष्ठ सदस्यों की ओर से संयुक्त रुप से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि साह की ओर से बच्चों की ओर से बनायी गयी आकर्षक पेटिंग की तहे दिल से सराहना की।

साह ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का कला एक सशक्त माध्यम है। कहा कि पेंटिंग के माध्यम से स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभा को खुलकर प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार 54 वर्षो से शारदा संघ परिवार की ओर से स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की जा रही प्रदर्शनी का आयोजन करना सराहनीय कदम है। इससे पूर्व शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट व महासचिव प्रो.घनश्याम लाल साह की ओर से सभी अतिथियों व अभिभावकों तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। साह ने बताया कि विभिन्न वर्गो में आयोजित की गयी प्रतियोगिता के परिणामों की भी घोषणा कर दी गयी है। साह के मुताबिक विजेता प्रतिभागी अपने नाम शारदा संघ के सूचना पट्ट में देख सकते हैं।

## NEWS / फटाफट

### बिना अनुमति या सूचना के ड्रोन उड़ाया तो होगी कार्रवाई

**नैनीताल।** बीते कुछ समय से ड्रोन से वीडियो बनाने का फैशन बढ़ रहा है जिसके चलते कई युवा बिना अनुमति के रोजाना नगर में ड्रोन उड़ाकर वीडियो बना रहे हैं लेकिन अब नैनीताल में बिना अनुमति या सूचना के ड्रोन उड़ाया तो कार्रवाई होगी। बता दें कि नैनीताल में कुछ समय से युवाओं में ड्रोन फोटोग्राफी का शौक बढ़ रहा है। नैनीताल में रोजाना ड्रोन उड़ाकर कई वीडियो शूट किए जा रहे हैं। आलम यह है कि कोई भी स्थानीय या पर्यटक कहीं भी ड्रोन उड़ाकर अपना मनोरंजन कर रहा है। ड्रोन उड़ाने के लिए न तो कोई अनुमति ली जा रही हैए ना ही कोई सूचना प्रशासन या पुलिस को दी जा रही है। लेकिन अब नैनीताल में बिना अनुमति व सूचना के ड्रोन उड़ाने पर कार्रवाई की जाएगी। दशहरे के दौरान भी बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाकर वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि शहर में किसी भी प्रकार के ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशासन व पुलिस को सूचना देनी जरूरी है लेकिन बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति लेना जरूरी है। बताया कि अगर भविष्य में बिना माइक्रो ड्रोन बिना सूचना व बड़े ड्रोन बिना अनुमति के उड़ाए गए तो ड्रोन जब्त किए जाएंगे।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया

**नैनीताल।** हाईकोर्ट परिसर में बीते 20 अक्टूबर को छह वर्षीय बच्ची को लावारिस कुत्तों के झुंड के काटने के मामले के बाद पालिका प्रशासन ने क्षेत्र में कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चला दिया है। परिसर में निवासरत लोगों की मांग पर पालिका ने कोर्ट परिसर में टीम लगाकर एक कुत्ता पकड़ा जिसे एबीसी सेंटर में रखा गया है। परिसर निवासियों ने एसडीएम को पत्र लिखकर कहा था कि बीते एक माह में परिसर में ही छह से सात कुत्तों द्वारा लोगों को काटने की घटनाए हो चुकी हैं। 20 अक्टूबर को छह वर्षीय बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया था जिसमें बच्ची बुरी तरह घायल हो गई थी। एसडीएम प्रमोद कुमार के निर्देश पर मंगलवार को पालिका की टीम ने कोर्ट परिसर में अभियान चलाया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि पालिका की ओर से सुबह से देर शाम तक अभियान में एक कुत्ता पकड़ा गया है जिसे एबीसी सेंटर में रखा गया है। बुधवार (आज) को फि र अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## वन पंचायत मजेला में बाहरी व स्थानीय लोग अवैध तरीके से बना रहे सड़क, लोगों में आक्रोश

धारी

हमारे संवाददाता

तहसील के वन पंचायत मजेला में बाहरी लोग व स्थानीय लोग अवैध तरीके से सड़क बना रहे हैं। कई बार सरपंच द्वारा मना किए जाने पर भी अवैध कार्य नहीं रुक रहा है बल्कि उक्त व्यक्तियों ने दबंगई दिखाकर रात में भी अवैध तरीके से सड़क बना दी है। कुछ दिन पूर्व सरपंच द्वारा उक्त व्यक्तियों का चलान भी काटा गया था। जिसके बावजूद भी सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। मामले कों उपजिलाधिकारी धारी ने मौके पर पटवारी को भेज रिपोर्ट मांगी है। इस दौरान पटवारी अमित साह ने बताया कि जो हट बनाये गये है वो सरना ग्राम पंचायत में है और जो सड़क बनाई जा रही है वो वन पंचायत मझेला में है जिस पर सरपंच ने उक्त व्यक्ति का पंद्रह हजार रु का चालान भी काटा था लेकिन चालान अभी



तक नही दिया गया है। पंद्रह दिन का समय दिया गया था लेकिन वाइल्ड विसेंज केम्प के मालिक मोहित चंदोला ने अभी तक कोई चालान का पैसा नही भरा गया है सूत्रों से पता चला की उक्त व्यक्ति ने क्षेत्र मे माहौल खराब कर रखा है। आये दिन स्थानीय लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा करता है व उक्त कैंप में अनैतिक कार्य भी किये जाते है। जिससे क्षेत्र के लोगो मे काफी आक्रोश है उक्त व्यक्ति द्वारा दबँगाई दिखाकर अवैध तरिके से सड़क बना डाली जिस पर सरपंच व क्षेत्र के लोग काफी नाराज है। मौके पर वन विभाग के अधिकारी पूरन् चंद्र मेलकानी आये थे उन्होने कहा की सड़क जो बनाई गई है वो अवैध रूप से बनाई गई है।

## आक्रोश रैली एवं कमिश्नरी घेराव का जताया आभार

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष एडवोकेट अनुपम कबड़वाल ने सोमवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में हुए जन आक्रोश रैली एवं कमिश्नरी घेराव को ऐतिहासिक व सफल बताया तथा विभिन्न दूर दराज के क्षेत्रों से आए हजारों कांग्रेस जनों का नगर में हुई इस महत्वपूर्ण रैली में पहुंचने पर उनका विशेष आभार जताया है।

कबड़वाल ने कहा कि सोमवार को हुए कमिश्नरी घेराव एवं जन आक्रोश रैली ने सोए हुए तंत्र को जगाने का प्रयास किया साथ ही इस शांतिपूर्ण रैली की खास बात यह रही कि कांग्रेसजन के साथ आम जनमानस ने भी इसमें भागीदारी की जिसको शासन- प्रशासन ने भी महसूस किया तथा स्वयं मंडलायुक्त दीपक रावत को भी ज्ञापन लेने फ ंसी गधेरे बैरेकेडिंग में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार से न केवल पार्टी के लोग अपितु अन्य जनता भी कितनी नाखुश है यह सब सोमवार को रैली में उमड़ी हजारों की भीड़ ने साबित कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बिल्कुल अनुशासित तरीके से रैली का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नितियों की वजह से जनता को वर्तमान में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# अभिमत

## बड़ी चुनौती

*ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने वर्दी पहनने की बाध्यता से छूट की मांग की है, लेकिन प्रशासन ने स्वीकार नहीं किया है। सत्यापन और आईकार्ड को प्रशासन सख्ती से लागू करे, तो अपराध जरूर रुकेंगे। ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित करना सही कदम होगा। इन सब कामों के साथ किराया निर्धारित करना जरूरी है। बुकिंग के नाम पर ऑटो और ई-रिक्शा चालक मनमाना किराया वसूल करते हैं। कई बार तो मानवता को ताक पर रखकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए ठगने से नहीं चूकते हैं।*

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून सहित पूरे राज्य में यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। अपराध बढ़ रहे हैं। अपराध की कुछ वारदातों में ऑटो चालकों के लिप्त होने के मामले उजागर होने के बाद हल्द्वानी महानगर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन करके आईकार्ड जारी किये जा रहे हैं। हजारों की संख्या में ऑटो और ई-रिक्शा होने से परिवहन विभाग के लिए सभी ऑटो चालकों का सत्यापन करने में काफी समय लगेगा। यातायात व्यवस्था चाकचौबंद होना बड़ी चुनौती है। वर्षों से टैक्सी चालक मांग कर रहे हैं कि निजी वाहन टैक्सी के तौर पर संचालित हो रहे हैं, लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग रोक लगाने में नाकाम है। निजी वाहनों के किराये पर चलने से टैक्सी चालकों को नुकसान हो रहा है। निजी वाहनों में अपराध होने की आशंका लगभग नगण्य है। ट्रांसपोर्ट का कारोबार करने वाले टैक्सियों के साथ ही कुछ निजी वाहन भी रखते हैं। कुछ लोग टैक्सी की जगह निजी नंबर वाले वाहन को किराये पर लेना पसंद करते हैं। ऐसे मामलों में सरकार को हानि होती है। टैक्सी के रजिस्ट्रेशन पर परिवहन विभाग को शुल्क अधिक मिलता है। जबकि निजी वाहन का टैक्स कम होता है। निजी वाहनों के किराये पर संचालन पर पूरी तरह रोक लगाना असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है, हालांकि ऐसे वाहनों में अपराध नहीं होते हैं। ऑटो और टैक्सी उसके मालिक बहुत कम चलाते हैं। एक व्यक्ति द्वारा दर्जनभर ऑटो और टैक्सी खरीद कर चालकों को सौंप दी जाती हैं। उत्तराखंड राज्य से बाहर के लोग आकर ड्राइवर का कार्य करते हैं। कई बार उत्तर प्रदेश में अपराध करने के बाद पुलिस से बचने के लिए उत्तराखंड में ड्राइवर का काम करने लगते हैं। ऐसा नहीं है कि सभी ऑटो और टैक्सी चालक अपराधी हैं, परन्तु इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हल्द्वानी में खनन का कारोबार भी बड़े पैमाने पर होता है। खनन कार्य में लगे डम्पर, ट्रक, ट्रेक्टर-ट्राली, खच्चर बुग्गी वालों का सत्यापन भी किया जाना चाहिए। नशे का धंधा इस क्षेत्र में सर्वाधिक फलता-फूलता है। मादक पदार्थ तस्करों के ग्राहक इसी क्षेत्र में मिलते हैं। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने वर्दी पहनने की बाध्यता से छूट की मांग की है, लेकिन प्रशासन ने स्वीकार नहीं किया है। सत्यापन और आईकार्ड को प्रशासन सख्ती से लागू करे, तो अपराध जरूर रुकेंगे। ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित करना सही कदम होगा। इन सब कामों के साथ किराया निर्धारित करना जरूरी है। बुकिंग के नाम पर ऑटो और ई-रिक्शा चालक मनमाना किराया वसूल करते हैं। कई बार तो मानवता को ताक पर रखकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए ठगने से नहीं चूकते हैं।

# कांग्रेस में रार, प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस की कल दिल्ली में बैठक



**देहरादून**
हमारे संवाददाता

केदारनाथ उपचुनाव में उम्मीदवारों को लेकर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर कांग्रेस में रार छिड़ गई है। वहीं दूसरी तरफ अब प्रत्याशी को लेकर दिल्ली में बैठक होगी। केदारनाथ उपचुनाव की रणनीति और प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस की 24 अक्तूबर को दिल्ली में बैठक होगी। मंगलवार को प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने वर्चुअल बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से चुनावी तैयारियों पर चर्चा कर सुझाव भी लिए।

प्रदेश प्रभारी ने कहा, केदारनाथ उपचुनाव में सभी नेताओं को एकजुट होकर काम करना है। इसके लिए बूथ स्तर पर चुनाव की रणनीति बना कर चलना है। बैठक में प्रदेश सहप्रभारी परगट सिंह, सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मंत्री नवप्रभात, विधायक प्रीतम सिंह, भुवन कापड़ी, वीरेंद्र जाती, लखपत बुटोला, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा, 24 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदेश प्रभारी ने बैठक रखी है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक प्रीतम सिंह के अलावा चारों पर्यवेक्षक भी मौजूद रहेंगे। बैठक में चुनावी रणनीति के साथ प्रत्याशी को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## अवैध पार्किंग से राहगीरों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही

**नैनीताल।** नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग होना अब आम बात हो गयी है जिसकी वजह से लोगों के साथ ही बच्चों को भी आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर के तल्लीताल स्थित रिक्शा स्टैंड के पीछे स्थित बृंदावन पब्लिक स्कूल के सामन भी वाहनों के जमावड़े से स्कूली बच्चों के साथ ही राहगीरों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही है। बता दें कि इस मार्ग को टैक्सी बाईकों ने बनाया अपना नया अड्डा बना लिया है,इस मार्ग में पुलिस की आवाजाही कम होने की वजह से यहां पर धडल्ले से वाहनों की पार्किंग की जा रही है। वृंदावन स्कूल जाने वाले संकरे मार्ग में टैक्सी बाईकों ने बाईकों को पार्क करना शुरू कर दिया है जिससे बृंदावन स्कूल आने वाले नौनिहालों को स्कूल को आने जाने में परेशानी हो रही है। बच्चों को भी लगातार तेज रफ्तार टैक्सी बाईकों से खतरा बना हुआ है,संकरे पैदल मार्ग में दोनो तरफ टैक्सी बाईकों के पार्क होने पर अभिभावकों को एक्सीटेंड के डर से बच्चों को पैदल स्कूल ले जाना पड़ रहा है। अभिभावकों ने तल्लीताल पुलिस प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## पवन व नीरज ने यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता मिली



**नैनीताल।** सरोवर नगरी मे कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी इग्नू के छात्र पवन कुमार ने यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता हासिल की है। पवन कुमार ने यूजीसी नेट की परीक्षा 98.42 पर्सेंटाइल के साथ राजनीति विज्ञान विषय से उत्तीर्ण कर ली है। डीएसबी की इग्नू टीम ने पवन को बधाई दी है । डीएसबी के इतिहास के छात्र नीरज बिष्ट ने भी इतिहास में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RAJENDER SINGH RAWAT से बदलकर RAJENDRA SINGH RAWAT रख लिया है अतः भविष्य में मुझे RAJENDRA SINGH RAWAT नाम से जाना, पहचाना जाये। - **राजेन्द्र सिंह रावत पुत्र झब्बर सिंह रावत हाउस नं०- 519 वार्ड-9, गली नं०-4 सिंह कालौनी, जगतपुरा रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर ( उत्तराखंड )**

# पांच मंदिर रोड निर्माण होने पर सनातन धर्म सभा ने विधायक शिव का जताया आभार,स्वागत किया

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

पांच मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण होने पर सनातन धर्म सभा ने विधायक शिव अरोरा का आभार जताते हुए पांच मंदिर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया।

बता दें कि विधायक के जर्जर रोडो, मुख्य बाजार की सड़को का प्रशासनिक अधिकारियो संग स्थालीय भ्रमण किया था। उन्होंने नगर निगम की टीम को स्पष्ट निर्देश दिये थे की त्यौहारो से पहले मुख्य बाजार की सभी सड़को को गड्ढा मुक्त व जिन सड़को के निर्माण होने है उनके निर्माण करना सुनिश्चित करे। पांच मंदिर जो रुद्रपुर का सबसे बड़ा व मान्यता वाला मंदिर है। धार्मिक कार्यक्रम होते रहते है ऐसे मे रोड का खस्ता हाल होने से लोगो को आवागमन मे समस्या आ रही थी। स्थानीय व्यापारी व सनातन धर्म सभा ने विधायक शिव अरोरा का सड़क निर्माण हेतु आभार जताया। विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से



वह भी धार्मिक आयोजन हेतु ज़ब ज़ब पांच मंदिर आते थे तो रोड की खस्ता हाल को लेकर लोगो ने अवगत कराया था। उत्तराखंड में मानसून देर तक रहा ओर बरसात में डाबर सड़क की हालत खराब हों गयी और डाबर रोड का निर्माण बरसात मे सम्भव नहीं था। अब सभी सड़को को गड्ढा मुक्त करवाया जा रहा है।नवनिर्माण कार्य भी गतिमान है, नगर निगम इन सभी सड़को मरम्मत व गड्ढे भरने का कार्य कर रहा है, जिससे बजार क्षेत्र आने वाले लोगो का अवगमन सुगम हों सके।

इस दौरान सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश, विजय जग्गा, नरेश शर्मा, विजय विरमानी,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश जग्गा, संदीप धीर, मनोज मदान, किशन नारंग,सुरेश सुखदेव, हरीश सुखीजा,मयंक कक्कड़, बॉबी अरोरा,मोहित बत्रा मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# कैटरीना कैफ को ससुराल वालों ने दिया है प्यारा सा नाम



*अभिनेत्री कैटरीना कैफ त्योहार और खास मौकों पर परिवार के साथ नजर आती हैं। कैटरीना ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके ससुराल वाले उन्हें प्यार से किट्टो कहकर पुकारते हैं। कटरीना कैफ और विक्की कौशल की करवाचौथ की तस्वीरों को प्रशंसक बहुत पसंद कर रहे हैं। कैटरीना को अक्सर त्योहार पर परिवार के साथ ही देखा जाता है। त्योहार पर पूरा परिवार एक साथ रहता है। कैटरीना ने हाल ही में अपने घर का नाम बताया जो उनके ससुराल वाले प्यार से कहकर बुलाते हैं। द कपिल शर्मा शो सीजन 2 में कैटरीना कैफ से पूछा कि उनके ससुराल वालों ने उन्हें क्या नाम दिया है, इस पर कैटरीना ने कहा कि ससुराल वाले उन्हें किट्टो कहकर बुलाते हैं। इस शो में कैटरीना के साथ अभिनेता ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी भी पहुंचे थे। कुछ दिन पहले ही कैटरीना ने ससुराल वालों के साथ करवा चौथ की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इन तस्वीरों को प्रशंसकों ने पसंद किया है। अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने भी अपने पति विक्की कौशल के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। इस दौरान उन्होंने पूरे कौशल परिवार के साथ एक प्यारी तस्वीर भी साझा की है। विक्की और कैटरीना ने 09 दिसंबर 2021 को शादी की थी।*

### विक्की कौशल करते हैं पत्नी के लिए व्रत

*विक्की कौशल भी कैटरीना के लिए करवा चौथ का व्रत रखते हैं। इस बात को खुद कैटरीना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मेरी लंबी उम्र और अच्छी सेहत के लिए विक्की करवा चौथ का व्रत करते हैं जबकि मैंने उनसे कभी नहीं कहा कि वह इस व्रत को करें। खुद कैटरीना भी शादी के बाद से करवा चौथ का व्रत कर रही हैं।*

# रम्पुरा में दबंग ने लूट के इरादे से व्यक्ति पर चाकू से हमला किया

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

रम्पुरा क्षेत्र में घर से बाहर निकला व्यक्ति को लूट के इरादे से घेर लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर लोग पहुंचे तो हमलावर भाग गए। घायल को लहूलुहान की हालत में अस्पताल ले जाया गया।

घायल के बेटे ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी विक्रम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता लेखराज सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे घर से बाहर निकले। इसी बीच वहीं के निवासी दबंग ने पिता को लूट के इरादे से घेर लिया। आरोप है कि पिता पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पिता लहूलुहान हो गये। पिता की आवाज सुनकर मौके पर लोग एकत्रित होने लगे। तभी वह वहां से भाग गया।

पिता को लहूलुहान की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। पिता के शरीर पर कई जगहों पर चोट घाव है।



**हमला**

- मौके पर लोगों के एकत्रित होता देख हमलावर भागने में सफल
- पीड़ित पहुंचा चौकी, लगाई न्याय की गुहार

मंगलवार को घायल व्यक्ति चौकी रम्पुरा पहुंचा और पुलिस से हमलावर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है।

## News कॉर्नर

### आजादनगर में छत पर टहल रहा व्यक्ति अचानक नीचे गिरा, अस्पताल में मौत

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आजाद नगर निवासी व्यक्ति छत पर टहलने के दौरान अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। आजाद नगर शमशान घाट रोड़ निवासी 55 वर्षीय ओम प्रकाश खाना खाने के बाद छत पर टहल रहा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया है। परिवार में कोहराम मच गया।

### छात्र संघ चुनाव में नामांकन की अनुमति देते हुए जवाब मांगा

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के छात्र नेता मनोज बिष्ट को छात्र संघ चुनाव में नामांकन की अनुमति देते हुए कुमाऊं विवि से 6 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मंगलवार को न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकल पीठ में छात्रनेता मनोज की याचिका पर सुनवाई हुई जिसमें कुमाऊं विवि की ओर से छात्रसंघ चुनाव में लिंगदोह कमेटी की सिफ ारिशों के आधार पर सर्कुलर जारी किया गया था। सर्कुलर में कहा गया था कि संकाय बदलने वाले व बेक पेपर देने वाले को चुनाव में लड़ने की अनुमति नहीं होगी।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता: बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल मोटर्स हल्द्वानी और बदेशा स्टोन क्रेशर रामनगर द्वारा प्रायोजित अंडर 15 अन्तर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल ने पार्वती प्रेमा साह जगती स्कूल नैनीताल को 47-42 अंकों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

बता दें कि नैनीताल में जिला कीड़ा संघ द्वारा आयोजित व नैनीताल मोटर्स हल्द्वानी और बदेशा स्टोन क्रैशर रामनगर द्वारा प्रायोजित इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फ इनल मुकाबला बिड़ला



विद्या मंदिर नैनीताल ने जीत कर ट्राफ ी पर कब्जा कर लिया है। प्रतियोगिता के समापन मौके पर मुख्य अतिथि हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नैनीताल निवासी नरेंद्र सिंह बिष्ट रहे व विशिष्ट अतिथि रामनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरुस्कृत किया। निर्णायक समीर अली, फ रीद व विनोद कनारी तथा स्कोरर तरुण लटवाल, जितेश थापा, फरदीन खान, शौर्य व नकुल कुमार व शुभम कुमार रहे।

प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विजेता उपविजेता टीम को ट्राफी सहित अन्य पुरस्कार बांटे साथ ही प्रतियोगिता के बेस्ट फ ाेडर आयुष सिंह, बेस्ट रिवाइंडर गौरव आदित्य सिंह बिष्ट जबकि प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के वकुल अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डीएसए महासचिव अनिल गढ़िया, उपसचिव भुवन बिष्ट, बास्केटबॉल सचिव हरीश जोशी समेत लीला सिंह बिष्ट, पृथ्वीराज किरौला, प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। संचालन नवीन पाण्डे ने किया।

# उत्तराखंड फर्टिलाइजर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुराना पूर्व विधायक शुक्ला से मिले

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

प्रदेश में रबी फसलों की बुआई के दौरान डीएपी खाद की कमी की गंभीर समस्या का समाधान के लिए उत्तराखंड फर्टिलाइजर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लाल खुराना ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से मुलाकात की। उन्होंने ऊधमसिंहनगर और अन्य जिलों में खाद की कमी की जानकारी दी और इस समस्या को दूर करने को कहा। पूर्व विधायक शुक्ला ने इस संबंध में कदम उठाते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी से दूरभाष पर बातचीत की। बातचीत के दौरान शुक्ला ने मंत्री को बताया कि ऊधमसिंहनगर जिले में रबी फसलों, जैसे लाही, मटर और गेहूं की बुआई पहले ही शुरू हो चुकी है, लेकिन अक्टूबर माह में खाद की आपूर्ति नहीं हो सकी है। यह स्थिति किसानों के लिए अत्यंत चिंता का



विषय है। क्योंकि रबी फसलों की बुआई का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है और समय पर खाद न मिलने से फसलें प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड को दो रैक डीएपी खाद की आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि कृषि मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने ज्वाइंट डायरेक्टर दिनेश कुमार को निर्देशित करने के लिए कहा,ताकि ऊधमसिंहनगर और अन्य प्रभावित जिलों में खाद की किल्लत का समाधान जल्द से जल्द हो सके और किसान बिना किसी बाधा के अपनी फसलों की बुआई कर सकें। यह कदम राज्य के किसानों के हित में लिया गया है, ताकि उन्हें समय पर खाद की उपलब्धता हो और उनकी फसलों की बुआई सुचारू रूप से हो सके।

# लंबाखेड़ा निवासी युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र लंबाखेडा में एक युवक घर में पंखे के कुंडे में लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उसे कुंडे से उतार अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक ग्राम लंबाखेड़ा की सिंह कालोनी निवासी 40 वर्षीय रविन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह सोमवार रात खाना खाकर को कमरे में चला गया था। वह बाद अंदर से कुंडी लगा ली। कुछ देर बाद वह कमरे की ओर गई तो दरवाजा खटखटाया। गेट नहीं खोला तो जोर से आवाज लगाई। लेकिन अन्दर कोई आवाज नहीं आई। मौके पर कुछ लोग एकत्रित हो गए। बाद गेट तोड़ा तो देखा

**घटना**

● परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो कुंडे में लटका देख होश उड़ गए

वह पंखे के कुंडे में फंदे से लटका हुआ था। परिवार के लोग उसे आनन-फानन में नजदीक के अस्पताल ले गए। बाद में सरकारी अस्पताल ले कर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसआई ललित कुमार रावल ने बताया कि सूचना पर एसआई चंदन बिष्ट को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। मृतक के दो बच्चे है। परिवार में कोहराम मच गया।

# विजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को प्रेरणादायी टिप्स भी दिए



नैनीताल

हमारे संवाददाता

डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के द्वितीय दिन यानी मंगलवार को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबला एमबीपीजी डिग्री कॉलेज हल्द्वानी और सरदार भगत सिंह पीजी कॉलेज रुद्रपुर के मध्य खेला गया जिसमें एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ने सरदार भगत सिंह पीजी डिग्री कॉलेज रुद्रपुर को 2-0 से हराया। मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने विजेता व उप विजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को प्रेरणादायी टिप्स भी दिए। इस अवसर पर प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी,डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार, डीएसए के महासचिव अनिल गढिया समेत पवन खनायत,डॉ. मनोज सिंह बिष्ट, भगवत मेहर, अखिलेश मंडल,नीतीश, सौरभ रावत, सुनील कुमार तथा अनीता बोरा,अपूर्व बिष्ट तथा ललित बिष्ट आदि उपस्थित थे।

### 27 व 28 को जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**हल्द्वानी।** समित टिक्कू आयोजन सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के तत्वाधान में 27 और 28 अक्टूबर, 2024 को दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी में महिला एवं पुरुष वर्ग में टेबल टेनिस की जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जो की निम्न आयु वर्ग में आयोजित होगी अंडर 11,13,15,17,19 और ओपन वर्ग*। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

# दबंगों ने युवक से की मारपीट, घायल,10 हजार रुपए छीनने का आरोप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

चौकी रम्पुरा क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक को रास्ते में घेर कर उसके साथ मारपीट की। मारपीट में युवक घायल हो गया। बाद में युवक के घर पर पथराव किया।

पथराव के दौरान वहां पर अफरातफरी मच गई। घायल को उपचार को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। रम्पुरा वार्ड 22 निवासी अमन पुत्र रमेश चंद्र कोली ने पुलिस को

**पथराव**

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया, पुलिस को तहरीर सौंपी

बताया कि वह सोमवार की रात ड्यूटी से वापस घर आ रहा। रास्ते में उसे कुछ युवकों ने घेर लिया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। युवक ने बताया कि वह किसी तरह घर पहुंचा। आरोप है कि बाद में दबंगों ने घर पर आकर पथराव कर दिया। पीड़ित के मुताबिक उक्त लोगों से जान माल का खतरा है। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने उसके पास से 10 हजार रुपए भी छीन लिए। पीड़ित ने पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। उधर एसएसआई ललित कुमार रावल ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है।


## कार्यालय वनक्षेत्राधिकारी जी0बी0 पंत, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल

Website:- www.nainitalzoo.org.in E-mail:- nainitalzoouk@gmail.com Ph:- 05942-237927, 9410777683

पत्रांकः मैमो/2-जू दिनांकः 5.10.2024

दिनांक 05.10.2024 को वन्य प्राणी सप्ताह 2024 के अन्तर्गत श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल/प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता ग्रुप एवं एकल दो वर्गो में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को वन्य प्राणी सप्ताह की थीम वन्यजीव संरक्षण सह-अस्तित्व के माध्यम से सम्बन्धित विषय दिया गया। ग्रुप नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल, द्वितीय स्थान विशप शौ इण्टर



कॉलेज, नैनीताल एवं तृतीय स्थान राजकीय इण्टर कॉलेज, नैनीताल रहा। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परिस्कृति जोशी, मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल, द्वितीय स्थान धीरज, राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, नैनीताल एवं कोमल, मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर, नैनीताल एवं तृतीय स्थान रोहित आर्या विशप शौ इण्टर कॉलेज, नैनीताल रहे। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में श्री त्रिलोक सिंह बोरा, वन क्षेत्राधिकारी, नगरपालिका रेंज एवं सुश्री दीपिक मेर, वरिष्ठ सहायक रहे। कार्यक्रम का संचालन कु0 निधि एवं श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल ने किया, एवं कार्यक्रम में ग्रीन जू एम्बेसडरों ने भी सहयोग प्रदान किया गया। वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर शैक्षिक भ्रमण हेतु आये विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 88 विद्यार्थियों को कु0 प्रियंका द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर श्री प्रमोद चन्द्र तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल, श्री धरम सिंह बोनाल, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री पुष्कर सिंह महरा, वन दरोगा, श्री महेश सिंह बोरा, वन दरोगा, श्री नितिन मुकेश, वन आरक्षी, श्री विक्रम सिंह मेहरा, फार्मासिस्ट, श्री आनन्द सिंह, सिस्टम एनालिस्ट, श्री प्रकाश चन्द्र जोशी, श्री दिनेश कुमार, प्राणी उद्यान, नैनीताल के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

वन क्षेत्राधिकारी, जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान,नैनीताल